# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2020—22 की राष्ट्रीय स्थायी समिति की द्वितीय बैठक का कार्यवृत

**23 दिसम्बर 2021 (बृहस्पतिवार); केन्द्रीय सम्मेलन सभागार**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक 23 दिसम्बर 2021 को केन्द्रीय सम्मेलन सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के सभापतित्व में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे।

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री संतोष सराफ | श्री भानीराम सुरेका |
| श्री संजय हरलालका | श्री गोपाल अग्रवाल | श्री सुदेश अग्रवाल |
| श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री दामोदर बिदावतका | श्री आत्माराम सोन्थलिया |
| श्री पवन कुमार जालान | श्री कैलाशपति तोदी | श्री दिनेश जैन |
| श्री ओमप्रकाश अग्रवाल | श्री नंद किशोर अग्रवाल | श्री रतनलाल बंका |
| श्री रवि लोहिया | श्री संदीप सेक्सरिया | श्री काशी प्रसाद धेलिया |
| श्री राजेश अग्रवाल | श्री संजय शर्मा | श्री सुरेश अगरवाला |
| श्री अरुण प्रकाश मल्लावत | श्री पवन बंसल | श्री राधाकिशन सफ्फड़ |
| राजेश कुमार पोद्दार | श्री प्रमोद गोयनका | श्री विनय कुमार सराफ |

निम्नलिखित ने अनुपस्थिति की सूचना दी:

| | | |
|---|---|---|
| श्री रामअवतार पोद्दार | श्री पवन कुमार सुरेका | श्री लक्ष्मण अग्रवाल |
| श्री आनंद कुमार अग्रवाल | श्री रामनिवास शर्मा 'चोटिया' | |

बैठक में सर्वप्रथम श्री गाड़ोदिया ने सबका स्वागत किया और 25 दिसम्बर 2021 को कला मंदिर सभागार, कोलकाता में आयोजित सम्मेलन के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के विषय में बताया। उन्होंने सभी उपस्थितों से समारोह में पधारने और अधिकाधिक समाजबंधुओं को समारोह में आने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

सम्मेलन की हालिया गतिविधियों पर चर्चा करते हुए श्री गाड़ोदिया ने कहा कि कोरोना —राहत हेतु अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ने पूरे देश में हर स्तर पर कार्य किया है और अगर हमारे प्रयास प्रभावित लोगों के दर्द पर मरहम लगा पाये हैं तो यह हमारे प्रयासों की सफलता है। इस वैश्विक महामारी से प्रभावित लोगों , खासकर संसाधनहीन लोगों, की मदद करना आज हमारा परम धर्म है और यही मारवाड़ी समाज की परम्परा भी रही है। उन्होंने कहा कि निश्चय से कुछ नहीं, निर्णय से कुछ और करने से सब कुछ होता है। उन्होंने कहा कि यदि हम समर्पित भाव से समाज सेवा के प्रयास जारी रखें तो हमारे प्रयासों की सफलता अवश्यंभावी है।

सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने राष्ट्रीय स्थायी समिति की पिछली बैठक ( 25 जुलाई 2021; वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से) का कार्यवृत प्रस्तुत किया जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। श्री हरलालका ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर 'महामंत्री की रपट' भी प्रस्तुत की।

रोजगार सहायता उपसमिति के चेयरमैन श्री दिनेश जैन ने बताया कि सम्मेलन के रोजगार सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक 173 युवक—युवतियों को उपसमिति के माध्यम से संतोषजनक नौकरियों में रखवाया गया है। इसमें सहयोग हेतु उन्होंने समाज के नियोक्ताओं का आभार प्रकट किया।

सूचना तकनीक एवं वेबसाईट उपसमिति के चेयरमैन श्री कैलाशपति तोदी ने वेबसाईट अपडेशन की प्रगति के विषय में बताते हुए कहा कि अब तक लगभग सत्रह हजार सदस्यों के विवरण जाँचे जा चुके हैं और अशुद्धियों का संशोधन तथा कमियों को पूरा किया जा चुका है।

वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोंथलिया ने समाज विकास प्रकाशन में विलम्ब पर चिंता व्यक्त की और सभी उपस्थितों से समाज विकास में विज्ञापन—सहयोग का अनुरोध किया।

स्वास्थ्य उपसमिति के चेयरमैन श्री पवन कुमार जालान ने गत 11 दिसम्बर 2021 को आयोजित उपसमिति की बैठक के विषय में बताया और कहा कि स्वास्थ्य सम्बंधी भावी प्रकल्प प्राथमिकता देकर स्थापित करने के विषय में आवश्यक विचार—विमर्श किया जा रहा है।

निर्देशिका उपसमिति के चेयरमैन श्री ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही इस सत्र की निर्देशिका के प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। सूचना तकनीक एवं वेबसाईट उपसमिति के चेयरमैन श्री कैलाशपति तोदी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वेबसाईट के अपडेट होने से निर्देशिका प्रकाशन में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बसंत कुमार मित्तल ने बताया कि कोरोना—जनित प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण सम्मेलन के संगठन—विस्तार को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। तथापि, वर्तमान परिस्थितियों के आलोक में, सदस्यता का विस्तार संतोषजनक है।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण वर्तमान परिस्थितियों में सेवाकार्यों का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को रोटी और बीमारी की स्थिति में चिकित्सा सम्बंधी सहायता करना मानवता की महती सेवा है। श्री सराफ ने कहा कि जरूरतमंद समाजबंधुओं की चिकित्सा —सहायता के लिए सम्मेलन द्वारा शीघ्र ही एक प्रकल्प की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका , पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल , सर्वश्री रतनलाल बंका, अरुण प्रकाश मल्लावत एवं प्रमोद गोयनका ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे।

धन्यवाद—ज्ञापन करते हुए संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री श्री गोपाल अग्रवाल ने बैठक में उपस्थिति एवं आम जन के कल्याण और समाजहित में सहयोग के सक्रिय प्रयासों हेतु सबका आभार व्यक्त किया।